ont>

Title: Need to ensure that the cities located in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand get the benefits of Urban Development Schemes- Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम के अंतर्गत ऐसे कई शहर हैं, जहां पर केन्द्र सरकार ने कोई योजना शुरू नहीं की है। जिसके कारण शहरी विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ इन शहरों को नहीं मिल रहा है। इन शहरों की जनसंख्या 20 हजार से 50 हजार के बीच है। चाईबासा, आदित्यपुर, सरायकेला, चन्द्रपुर इत्यादि कई शहर हैं, जहां पर शहरी विकास योजनाओं का लाभ दिया जा सकता है। न जाने क्यों दूर-दराज और आदि वासी बाहुल्य क्षेत्रों के साथ जुड़े शहरों को ये सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं। जल आपूर्ति एवं शहरी स्वच्छता के अभाव में इन शहरों का जीवन नारकीय हो गया है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में शहरी विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये।